हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, गुरुवार 17 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

13 हरेली के पहले रोपा-बोआई पूरी करने की कवायद में किसान

14 एकलव्य विद्यालय कोसमबुड़ा में धूमधाम से मनाया गया प्रवेशोत्सव




प्रवेश प्रारंभ
BCA | PGDCA | DCA | B.P.Ed. | B.P.E. | B.COM | B.Sc (CS/IT)
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

B.M. COLLEGE
BCA | BBA | PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा, इलेक्ट्रिशियन, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर, डीजल मैकेनिक, फायर टेक्नालॉजी, स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# 19 साल बाद भी नहीं पहुंचीं मूलभूत सुविधाएं, रौशनी के इंतजार में अंधेरे में जी रहा डुमरघाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

खास खबर

छत्तीसगढ प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह वर्ष 2007 में जब मैनपुर से 10 किलोमीटर दुर विश्व में हीरा खदान के नाम से प्रसिध्द ग्राम बेहराडीह अचानक हेलीकॉप्टर से पहुचे थे,तब ग्राम डुमरघाट के कमार जनजाति के ग्रामीणों ने बिजली लगाने की मांग किया था डॉ रमन सिंह ने बिजली विभाग के अधिकारियों को मौके पर तत्काल 06 माह के भीतर बिजली लगाने का निर्देश दिया था और तो और बकायदा बिजली विभाग द्वारा एक सप्ताह के भीतर सर्वे भी किया गया कुछ स्थानों पर बिजली के पोल भी लगाने के लिए लाये गये थे लेकिन आज 19 वर्शों बाद भी डुमरघाट में बिजली की रौशनी नही पहुच पाई, छत्तीसगढ में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनने और डॉ रमन सिंह के विधानसभा अध्यक्ष बनने से यहा के कमार जनजाति के ग्रामीणों में गांव में बिजली लगाने को लेकर विकास की उम्मीद जगी है।

गांव के विकास के लिए शासन प्रशासन द्वारा विभिन्न योजनाए संचालित है योजनाओं के मूताबिक शासन प्रशासन के रिकॉर्ड में सभी ग्रामों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो रही है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और बयां करती है तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 20 किमी दूर घनघोर जंगल के अंदर बसे ग्राम डुमरघाट आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है ग्राम पंचायत बोईरगांव के आश्रित ग्राम डुमरघाट की जनसंख्या लगभग 350 के आसपास है और यहां विशेष पिछड़ी कमार जनजाति आदिवासी के साथ अन्य समाज के लोग भी निवास करते हैं,आज हमारे मैनपुर संवाददाता शेख हसन खान डुमरघाट की जमीनी हकीकत जानने डुमरघाट दो घंटे के कड़ी मशक्कत के ▶▶ शेष पेज 12 पर

## राशन लेने 10 किमी दूर पैदल बरदूला जाते हैं लोग, तब मिल पाता है मिट्टी तेल व चावल




### इस गांव में नही पहुंच पाती है एंबुलेंस

ग्राम बोईरगांव से डुमरघाट लगभग 10 किमी है पंगडडी नुमा जंगली सड़क रास्तों से होकर बामुश्किल यहां पहुंचा जाता है एक नदी को सात बार पार करना पड़ता है पुल पुलिया सड़क की मांग लंबे वर्षोंसे ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है पुल पुलिया नहीं होने के कारण एंबुलेंस सुविधा भी नहीं मिल पाता गंभीर दुर्घटना की स्थिति में कांवर और खाट में लिटाकर मरीजों और घायलों को अस्पताल तक लाना पड़ता है।

## पहले भी कर चुका था ऐसी हरकतें, शिक्षा विभाग पर भी गंभीर लापरवाही के आरोप

# प्राचार्य पर छात्राओं को बैड टच करने का आरोप, न्यायिक हिरासत में भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़ागांव(कोरासी)

- पोक्सो व एससी/एसटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज, फेल करने की धमकी देकर करता था उत्पीड़न

गरियाबंद जिले के छुरा विकास खण्ड के अकलवारा हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य जी पी वर्मा को छात्राओं से अभद्रता और अनुचित शारीरिक व्यवहार (बैड टच) के गंभीर आरोपों के चलते सोमवार शाम पांच बजे फिंगेश्वर निवास स्थान में छुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई उन आरोपों के बाद की गई है, जिनमें छात्राओं ने प्राचार्य पर फेल करने की धमकी देकर शारीरिक रूप से छूने जैसे गंभीर कृत्य करने का आरोप लगाया था।

प्रभारी प्राचार्य जी पी वर्मा अभी से नहीं बल्कि इसके पहले अतरमरा स्कूल में भी इस तरह का हरत किया गया था जिसके कारण जी पी वर्मा को वहां से दण्डित कर ट्रांसफर किया गया था और अकलवारा स्कूल में ट्रांसफर होकर प्रभारी प्राचार्य के रुप में कार्य भार में था।जिसका घिनौनी हरकत शुरुआत से ही चल रहा था। छात्राओं को दबाव पूर्वक रख कर धमकी दिया जाता था। छात्राओं को परिक्षा में फैल करने का इसके पहले कई होनहार छात्र छात्राओं को फैल भी किया गया है। जो अब मामला सामने आया तो फैल हुए छात्रों के मुंह से सुनाई दी जा रही है कई छात्र पढ़ाई भी छोड़ दिए इसके हरकत को देख कर जिनका भविष्य भी खराब हो गया है।

**जांच में हुई आरोपों की पुष्टि :** इस प्रदर्शन ने प्रदेश भर के शिक्षा जगत को हिलाकर रख दिया था। शुरुआत में शिक्षा विभाग ने मामले को दबाने की कोशिश की, लेकिन जब छात्राओं के बयान मीडिया में सामने आए, तब पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने संज्ञान लेते हुए अलग जांच टीम गठित की। जांच में छात्राओं के बयान के आधार पर 'बेड टच' की पुष्टि हुई।

**गंभीर धाराओं में केस दर्ज :** छुरा थाना में जेपी वर्मा के खिलाफ 75(2)(बी) बीएनएस, 12 पोक्सो एक्ट, और 3(2)(वीए) एसटी/एससी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। मंगलवार को गिरफ्तारी के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मामले की पुष्टि एडिशनल एसपी जितेंद्र चंद्राकर ने की है।

### विरोध के पीछे फेल करने की धमकी

प्राचार्य जी पी वर्मा के खिलाफ छात्राओं की नाराजगी कोई नई नहीं थी। कई छात्राओं ने पहले भी उनके व्यवहार को लेकर आपत्ति जताई थी, लेकिन जब 11वीं कक्षा की चार छात्राओं को मनमाने तरीके से फेल कर दिया गया, तो मामला गरमाया। रिकॉर्ड में अंक होने के बावजूद छात्राओं को फेल करने की बात जांच में भी सामने आई।इसी अन्याय के विरोध में छात्रों और पालकों ने प्रदर्शन किया था।

**कभी 'सिटी बजाकर पढ़ाने वाले' प्राचार्य, अब आरोपों से घिरे :** गौरतलब है कि एक समय पर जी पी वर्मा अपने अलग अंदाज के लिए चर्चा में थे। करीब 7-8 साल पहले वे छात्रों को सुबह 4 बजे 'सिटी' बजाकर पढ़ाई के लिए जगाते थे। उनके प्रयासों से परीक्षा परिणाम भी बेहतर आने लगे थे। हालांकि, समय के साथ यह सिलसिला बंद हो गया। आज वही प्राचार्य गंभीर आरोपों के घेरे में हैं।




### छात्र-छात्राओं ने किया था प्रदर्शन

छात्र-छात्राओं ने प्रभारी प्राचार्य के मनमानी को गांव में और ग्राम विकास समिति को अवगत कराया गया तब सभी छात्र छात्राओं सहित ग्रामीण पालक व शाला प्रबंधन समिति द्वारा गेट में ताला जड़कर जताया गया था विरोध, वहीं इसके पहले शिक्षा विभाग को आवेदन दिया गया था लेकिन शिक्षा विभाग द्वारा आरोप दबाने का प्रयास किया गया और 5 जुलाई को अकलवारा हाई स्कूल में छात्राओं और उनके पालकों ने स्कूल गेट पर ताला जड़ दिया था और जी पी वर्मा को तत्काल हटाने तथा कार्रवाई की मांग की थी। प्रदर्शन के दौरान छात्राओं ने बताया कि प्राचार्य लंबे समय से उनका मानसिक उत्पीड़न कर रहे थे और कई बार अनुचित तरीके से छूने की घटनाएं हुईं। विरोध करने पर उन्हें फेल कर देने की धमकी दी जाती थी।

# पटवारी पर रिश्वत मांगने का गंभीर आरोप, किसान ने एसडीएम से की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

- जनपद सदस्य पूजा भारती ने भी जताई नाराजगी, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जिला प्रशासन द्वारा पटवारियों की कार्यशैली पर कड़ाई से निगरानी और बार-बार सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए जाने के बावजूद, कुछ पटवारी अपनी मनमानी और अनैतिक गतिविधियों से बाज नहीं आ रहे। इसका ताजा उदाहरण राजिम हल्का नंबर 23 की पटवारी भारती देवांगन के खिलाफ सामने आया है, ग्राम पंचायत बकली के किसान टिकेश आडिल ने रिश्वत मांगने और कार्य में लापरवाही बरतने का गंभीर आरोप लगाते हुए एसडीएम को लिखित शिकायत देकर त्वरित और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

टिकेश आडिल ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके पिता के निधन के बाद उन्होंने जमीन के नामांतरण के लिए तहसील कार्यालय में आवेदन किया था। तहसीलदार ने इस आवेदन को स्वीकृत कर ▶▶ शेष पेज 12 पर




### शिकायत की है

पटवारी भावना देवांगन के खिलाफ इस किसान ने लिखित में शिकायत किया है। शिकायत की जांच की जा रही है।
- विशाल महाराणा
एसडी एम राजिम।

### जनप्रतिनिधियों की नाराजगी, प्रशासन पर दबाव बढ़ा

क्षेत्र की जनपद पंचायत सदस्य पूजा मुकेश भारती ने भी इस घटना को गंभीरता से लिया और किसान की परेशानी को देखते हुए पटवारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जनपद पंचायत सदस्य पूजा-मुकेश भारती ने एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने जांच और त्वरित कार्रवाई की मांग की। यह मामला जिला प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है। जिला कलेक्टर द्वारा बार-बार पटवारियों को अपनी कार्यशैली सुधारने और पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन इस तरह की शिकायतें प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाती हैं। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि एसडीएम इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं। क्या पटवारी भारती देवांगन के खिलाफ कोई ठोस कदम उठाया जाएगा, या यह शिकायत भी फाइलों में दबकर रह जाएगी? इस घटना ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक सेवाओं की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए हैं।

## खबर संक्षेप

### 17 जुलाई को मैनपुर बिजली कार्यालय का घेराव

**मैनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा बिजली दर में वृद्धि को लेकर पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर मैनपुर में 17 जुलाई दिन गुरूवार समय दोपहर 12 बजे बिजली कार्यालय मैनपुर का घेराव किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव एवं महामंत्री गेंदु यादव ने सभी कांग्रेसजनो से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील किया है।

### खाद को लेकर किसान परेशान

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र में किसानो की परेशानी इन दिनो लगातार बढ़ती जा रही है किसानो को सरकारी डीएपी खाद नही मिल पा रहा है वही दूसरी ओर खुले बाजार से किसान मंहेगे दामो पर डीएपी खाद खरीदने मजबुर हो रहे हैं। किसान नेता टिकम नागवंशी ने शासन प्रशासन से मांग किया है कि किसानो को पर्याप्त मात्र में डीएमपी खाद उपलब्ध कराई जाये।

### भैंस को ठोकर मार ट्रक चालक फरार

**मैनपुर।** मैनपुर नगरी मार्ग में आज बुधवार को सुबह 11 बजे मवेशी चराने जा रहे मवेशी के झुंड को एक ट्रक ने जबरदस्त ठोकर मारा जिससे भैंस का पैर टूट गया चरवाहा द्वारा रोकने पर वाहन चालक तेजगति वाहन को बढ़ाते हुए भाग गया जिसकी शिकायत चरवाहे ने की है।

### अवैध शराब के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**छुईहा बेलर।** नया सवेरा अभियान अंतर्गत गांजा,शराब के अवैध परिवहन एवं बिक्री पर प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिया गया था। जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारी के द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में मुखबिर एवं पेट्रोलिंग सक्रिय किए गए थे। दिनांक 13.07.25 को थाना प्रभारी फिंगेश्वर गौतम धावड़े की क्षेत्र में सक्रियता चलते को मुखबीर से सूचना मिला की ग्राम पतोरा निवासी राहुल घृतलहरे अपने घर बाड़ी में भारी मात्रा में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बनाकर बिक्री कर अवैध धन अर्जित करने के लालच में शराब रखा हुआ है। मुखबिर द्वारा बताए गए घटना स्थल पर थाना प्रभारी फिंगेश्वर के निर्देश पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी राहुल घृतलहरे के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक जरकीन में 10 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 2,000 रू. को ▶▶ शेष पेज 12 पर

# ताली-थाली बजाकर एनएचएम संविदा स्वास्थ्यकर्मियों ने किया प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद।

- 17 जुलाई को विधानसभा घेराव की तैयारी

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 16 हजार संविदा स्वास्थ्यकर्मियों का आंदोलन सातवें दिन भी जारी रहा। नियमितीकरण, जॉब सुरक्षा, ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल बीमा और 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि सहित 10 सूत्री मांगों को लेकर जिले के कर्मचारियों ने जिला मुख्यालय में ताली और थाली बजाकर विरोध प्रदर्शन किया।

कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा और चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं तो प्रदेश के सभी संविदा स्वास्थ्यकर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं ठप हो सकती हैं। कर्मचारियों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें कोरोना काल में कोरोना वॉरियर का दर्जा दिया गया था, लेकिन अब तक उनकी सेवा शर्तों में सुधार नहीं हुआ है। गरियाबंद जिला अध्यक्ष अमृत राव भोंसले ने बताया कि जिले में करीब 460 एनएचएम कर्मचारी कार्यरत हैं। पिछले 20 वर्षों से वे नियमितीकरण और समान कार्य के लिए समान वेतन की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गारंटी के नाम पर समाधान का वादा किया था, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

**ये रहे मौजूद :** इस प्रदर्शन में गरियाबंद जिले से बड़ी संख्या में एनएचएम कर्मचारी शामिल हुए, जिनमें प्रशांत अवधिया, डॉ. शंकर पटेल, डॉ. योगेंद्र रघुवंशी, भूपेश साहू, भूपेंद्र सिन्हा, शेखर धुर्वे, डॉ. लक्ष्मीकांत ठाकुर, डॉ. लेखा कंडरा, डॉ. देवेंद्र साहू सहित कई अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### 10 जुलाई से चरणबद्ध आंदोलन जारी

कर्मचारियों ने बताया कि 10 जुलाई से चरणबद्ध आंदोलन जारी है। इस दौरान 10 जुलाई को विधायकों को ज्ञापन, 11 को भाजपा जिलाध्यक्ष को ज्ञापन, 12 से 15 जुलाई तक काली पट्टी बांधकर कार्य और 16 जुलाई को जिला स्तर पर धरना रैली का आयोजन किया गया। अब 17 जुलाई को पूरे प्रदेश के संविदा कर्मचारी रायपुर में राजधानी धरना स्थल पर एकत्र होकर विधानसभा घेराव करेंगे।

# मैनपुर में बंद पड़ी सोलर स्ट्रीट लाइटों की शुरू हुई मरम्मत



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित पूरे विकासखण्ड क्षेत्र में कई स्थानो पर लाखो रूपये खर्च कर रात के अंधेरे दूर करने क्रेडा विभाग द्वारा सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाईट लगाई गई है लेकिन अधिकांश जगह स्ट्रीट लाईट खराब व बंद पड़े हुए है कही बल्ब खराब है तो कही और तकनीकी खराबी के चलते इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस खबर को हमारे हरिभूमि अखबार ने 15 जुलाई मंगलवार को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था जिसके बाद शासन प्रशासन ने इस खबर को संज्ञान में लिया और गरियाबंद कलेक्टर श्री बी एस उईके के ▶▶ शेष पेज 12 पर

# मौसम की दगाबाजी बादल छा तो रहे पर नहीं हो रही बारिश, रोपाई का कार्य हो रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

- मैनपुर क्षेत्र में दिनभर धूप में बहता है पसीना रात में उमश से बेचैनी

गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र में मौसम की दगाबाजी से अब किसान परेशान होने लगे है दअसल सप्ताहभर पहले तक लगातार बारिश हो रही थी जिसके कारण खेती किसानी कार्य जोर पकड़ा था लेकिन जब से बारिश बंद हुई इसके बाद से हल्की बुंदाबांदी ही हो पा रही है। रोजाना बादल तो छाता है पर बगैर बरसे लौट रहा है इसके चलते पूर्व में लगाये गये धान फसल वाले खेतो में बड़े –बड़े दरारे आने लगी है और धान की फसल मुरझाने लगी है साथ ही धान रोपाई का कार्य प्रभावित हो रहा है। ज्ञात हो कि मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में सिंचाई का कोई साधन नही है अधिकांश किसान मौसम के हिसाब से खेती किसानी करते है कुछ किसानो के ▶▶ शेष पेज 12 पर



### किसान हैं परेशान

मैनपुर क्षेत्र के किसान तुलाराम पटेल, शंकर पटेल, आलिम अंसारी, छबि दीवान, प्रेमसाय जगत, हरिशचंद नेगी, गणेश ठाकुर, टीकम कपिल ने बताया खेतो में पर्याप्त पानी नही होने के कारण रोपाई का कार्य थम गया है किसान रोपाई के लिए थरहा तैयार कर लिए है लेकिन बगैर पानी के कैसे रोपाई करे वही दूसरी ओर बोआई का कार्य भी नही हो रहा है खेतो में ट्रैक्टर नही चल पा रहा है किसान परेशान हो चुके है। किसानो ने बताया आगामी सप्ताहभर में यदि अच्छी बारिश नही हुई तो किसानो की स्थिति खराब होने लगेगी अभी से खेतो में दरारे पड़नी शुरू हो गई है।

## राज्यपाल को बिन्द्रानवागढ़ की मूलभूत समस्याओं से कराया अवगत

# 140 किमी की जन न्याय पदयात्रा कर कांग्रेस ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

- युवाओं और कांग्रेस पदाधिकारियों ने मिलकर सात दिनों तक पैदल चल कर उठाई आवाज

गरियाबंद जिले के आदिवासी तहसील मुख्यालय मैनपुर से 10 जुलाई को युवा कांग्रेस एवं भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मुलभुत समस्याओ एवं विभिन्न मांगो को लेकर जन न्याय यात्र निकाली गई जो आज सात दिवस लगातार पैदल यात्र कर राजधानी रायपुर राजभवन पहुंचकर महामहिम राज्यपाल श्री रामेन डेका को ज्ञापन सौपकर यात्र का समापन किया गया।

एनएसयूआई प्रदेश सचिव चित्रंश ध्रुव एवं युवा कांग्रेस बिन्द्रानवागढ़ अध्यक्ष अमृत पटेल के नेतृत्व में निकाली गई इस पदयात्र का शुभारंभ छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा किया गया और इस पदयात्र में लगातार बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव कांग्रेसियो के साथ कदम से कदम मिलाकर चले। जन न्याय पदयात्र में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय, सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, धमतरी विधायक ओंकार साहू, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू, युगल पाण्डेय, केशु सिन्हा सहित सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।



एनएसयूआई छत्तीसगढ़ प्रदेश सचिव चित्रंश ध्रुव ने बताया 10 जुलाई को मैनपुर से जन न्याय पदयात्र प्रारंभ किये थे जो 140 किमी की दूरी तय कर रायपुर राजभवन पहुंचकर राज्यपाल को ज्ञापन सौपे है इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा एवं एनएसयूआई अध्यक्ष नीरज पाण्डेय, बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव सहित पूरे प्रदेश के कांग्रेस विधायको एवं कांग्रेस पदाधिकारियो कार्यकर्ताओं का जन न्याय पदयात्र को भारी समर्थन मिला। श्री ध्रुव ने बताया पदयात्रा के 7वें दिन राज्यपाल को ज्ञापन सौपकर समस्या समाधान की मांग किये है।

**ज्ञापन की मुख्य मांगें :** जनन्याय पदयात्रा को मैनपुर से रायपुर तक जगह–जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं पदाधिकारियो का भारी समर्थन मिला और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए इस दौरान राज्यपाल के नाम सौपे गये ज्ञापन में प्रमुख मांगे बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ▶▶ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### खट्टी के दो आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया सुपोषण चौपाल

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत खट्टी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2-3 में सुपोषण चौपाल मनाया गया। सुपोषण चौपाल में खट्टी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 02 में एक गर्भवती महिला का गोद भराई किया गया। खट्टी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 03 में 2 गर्भवती महिलाओं किशोरी देवांगन और संगीता मिरी की गोद भराई किया गया। सही समय पर टीकाकरण और खान पान के बारे में समझाइश दिया व प्रसव अस्पताल में ही करवाने को कहा। प्रसव पूर्व चार जांच करवाना और 9 माह पूर्ण होने तक आयरन की 180 टेबलेट और कैल्शियम की 180 खाने के लिए समझाया और प्रसव पूर्व तैयारी के बारे में बताया। साफ सफाई के बारे में बताया और जन्म के एक घंटे के अंदर स्तनपान कराने के बारे में समझाया गया। केंद्र में स्वास्थ्य विभाग से कमलेश्वरी ध्रुव, मनीष साहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अहिमन घृतलहरे, रश्मि ध्रुव, विधायक प्रतिनिधि प्रेमलाल साहू, पार्वती सतनामी व अन्य ग्रामीण भी शामिल रहे।

### ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ की जिला स्तरीय बैठक 20 को

**बिरकोनी।** छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ की जिला स्तरीय बैठक 20 जुलाई रविवार को दोपहर 12 बजे बिरकोनी के चण्डी मंदिर में बैठक आहूत की गई है। जिसमें जिले के महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, सराईपाली के चारों ब्लाक के अध्यक्ष व ब्लाक पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। जिला अध्यक्ष सुंदर लाल साहू ने बताया कि सभी ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ के सदस्यों से विचार विमर्श किया जाएगा। जिसमें ब्लाकों के अध्यक्ष की संघर्ष पूर्ण राशि जिला सचिव के पास जमा करना अनिवार्य है। जिला सचिव रामकुमार मोंगरे ने सभी पदाधिकारियों व ग्राम पंचायत भृत्य संघ के सदस्यों को बैठक में उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की है।

### 12 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर विकासखंड महासमुंद के ग्राम बड़गांव के मृतक कमलेश निषाद की पत्नी कमला के लिए तथा विकासखंड पिथौरा अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु होने पर ग्राम बिजरापाली के मृतक बिसहत यादव की पत्नी सोनबाई यादव के लिए एवं ग्राम बरनाईदादर के मृतक विद्याधर यादव के पिता देवेंद्र यादव के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# धर्मांतरण कर ईसाई बन चुके आदिवासियों को 2026-27 की जाति जनगणना में डी-लिस्ट कर आरक्षण से बाहर किया जाएः भीखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर केंद्र एवं राज्य सरकार से अपील की है कि 2026-27 में होने वाली जातीय जनगणना में धर्मांतरण कर ईसाई बन चुके आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति की श्रेणी से डी-लिस्ट (विलोपित) किया जाए एवं उन्हें आरक्षण सहित सभी संवैधानिक सुविधाओं से वंचित किया जाए। ठाकुर ने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा और उससे मिलने वाले लाभ केवल उन लोगों के लिए है जो अपनी मूल परंपरा, संस्कृति और आस्था से जुड़े रहते हैं। लेकिन, वर्षों से धर्मांतरण के माध्यम से आदिवासी समुदाय में जबरन और छलपूर्वक बदलाव कर उन्हें ईसाई बनाया जा रहा है, जिससे समाज में सांस्कृतिक असंतुलन और आर्थिक-राजनैतिक विसंगतियां उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने कहा कि आरक्षण का लाभ उन्हीं को मिलना चाहिए जो वास्तव में उपेक्षित और वंचित हैं। लेकिन, आज बड़ी संख्या में ऐसे लोग जो ईसाई धर्म स्वीकार कर चुके हैं, वे भी आदिवासी की श्रेणी में बने रहकर दोहरा लाभ उठा रहे हैं। यह न केवल संविधान की भावना के खिलाफ है, बल्कि मूल आदिवासी समाज के साथ अन्याय भी है। भीखम ने इस गंभीर विषय को उठाते हुए कहा कि अब समय आ गया है जब सरकार को डी-लिस्टिंग कानून बनाकर जातीय जनगणना में इन लोगों को स्पष्ट रूप से अलग कर देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस मांग को लेकर देशभर में लंबे समय से संघर्ष हो रहा है और कई राष्ट्रवादी संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों ने इसे वर्षों पहले उठाया था।



उन्होंने बाबा कार्तिक उरांव जो कि झारखंड के सांसद और आदिवासी नेता रहे हैं, का उल्लेख करते हुए कहा कि बाबा कार्तिक उरांव ने 1967–70 के बीच संसद में स्पष्ट रूप से यह कहा कि जिन्होंने ईसाई धर्म ग्रहण किया है, उनको (अनुसूचित जनजाति में) सूचीबद्ध नहीं किया गया है, और ना ही (अनुसूचित जनजाति में) सूचीबद्ध किया जा सकता है। उन्हें जनजातियों के आरक्षण-संरक्षण से वंचित होना चाहिए। क्योंकि, ईसाई या इस्लाम धर्म अपना लेने के बाद उनका सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक जुड़ाव मूल जनजाति से टूट जाता है। बाबा कार्तिक उरांव ने इस मुद्दे पर 1969 में संसद की संयुक्त समिति को अपनी बात प्रस्तुत की, जिसने 17 नवंबर 1969 को इसे स्वीकार करने की सलाह दी, जब तत्कालीन केंद्रीय कांग्रेस सरकार (इंदिरा गांधी नेतृत्व) ने इसे रोकने का प्रयास किया, तो बाबा कार्तिक उरांव ने 10 नवंबर 1970 को 348 सांसदों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को सौंपा, जिसमें उन्होंने अंतिम रूप से आग्रह किया कि धर्मांतरण करने वालों को एसटी सूची से बाहर रखा जाए।

ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे आदिवासी बहुल राज्य में यह समस्या अत्यंत गंभीर रूप ले चुकी है। सरकार को चाहिए कि वह प्रत्येक धर्मांतरित व्यक्ति का स्वतंत्र सत्यापन करे और ऐसे लोगों को आरक्षण सूची से तत्काल हटाया जाए। इससे न केवल सामाजिक न्याय सुनिश्चित होगा, बल्कि आदिवासी समाज को उनका वास्तविक हक और पहचान भी प्राप्त होगी। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि आने वाले दिनों में वे इस विषय पर ज्ञापन सौंपेंगे और एक जन अभियान की शुरुआत करेंगे, जिससे जनजागरूकता फैले और यह मांग जन आंदोलन का रूप ले सके।

## खल्लारी में वर्षो पुराना विशालकाय बरगद का पेड़ गिरा ...



**खल्लारी।** खल्लारी मातेश्वरी माता राऊर प्रांगण का पुराना बरगद क पेड़ आज गिर गया। इस पेड़ के गिरने से पुरातत्व विभाग के भवन का ऊपरी हिस्सा एक जगह से थोड़ा सा क्षतिग्रस्त भी हो गया है। कुछ लोग बताते हैं कि यह पेड़ खल्लारी मातेश्वरी मंदिर स्थापना के समय रोपित किया गया था, जो कि यह पेड़ माता राऊर मंदिर परिसर का बहुत ही पुराने पेड़ों में से है। इस पेड़ ने लाखों दर्शनार्थियों को अपना छाया प्रदान किया है। इसी पेड़ के नीचे ज्यादातर लोगों का धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक व ग्रामीण बैठक सहित कई शासकीय योजनाओं का आयोजन भी होते रहे हैं। वहीं वट सावित्री व्रत पर्वों के दिनों में इसी विशालकाय बरगद पेड़ का महिलाएं पूजा कर अपने अपने पति के लिए लंबी उम्र की कामना भी करती थी। साथ ही बरगद पेड़ के नीचे बना चबूतरा ग्रामीणों के बैठक का केंद्र हुआ करता था। गनीमत रही कि जिस समय पेड़ गिरा उस समय वहां पर कोई मौजूद नहीं थे वरना किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घट सकती थी। फिलहाल, पेड़ के गिरने से कोई जनहानि नहीं हुई है।

## वेट लिफ्टिंग में किरण ने जीता स्वर्ण पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद/बागबाहरा

छत्तीसगढ़ राज्य वेटलिफ्टिंग संघ द्वारा 13 जुलाई 25 रविवार को एक दिवसीय अस्मिता खेलो इंडिया विमेंस लीग वेट लिफ्टिंग टूर्नामेंट का आयोजन पाटन ( दुर्ग ) में किया गया। इस प्रतियोगिता में बागबाहरा से किरण बघेल ने 53 किलोग्राम में प्रथम रहते हुये स्वर्ण पदक हासिल करने में सफल हुई तथा ट्विंकल अवाडे 48 किलोग्राम वजन वर्ग में छठवें स्थान पर रहीं।

बता दें कि किरण ने 20 अन्य खिलाड़ियों को पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होकर किरण 5 सितंबर 2025 से 10 सितंबर 2025 तक कोलकाता (वेस्ट बंगाल) में आयोजित राष्ट्रीय अस्मिता खेलो इंडिया विमेंस लीग में दमखम दिखाती नज़र आएंगी। किरण ने सफलता का श्रेय अपने पति एवं कोच सुमीत बघेल, बेटी प्रिंसी एवं परिवार को दिया। किरण की इस सफलता के लिए जिला वेट लिफ्टिंग संघ एवं जिम टाउन फिटनेस के संचालक अनमोल छबड़ा, खिलेंद्र छेत्रपाल, आयुष चंद्राकर, तुषार निषाद एवं मित्रो ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभेच्छा जताई।

## रामलला दर्शन के लिए विधायक ने तीर्थयात्रियों को किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना रामलला दर्शन योजना के तहत मंगलवार को महासमुंद से यात्रियों का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बस को भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। साथ ही उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की। जय श्री राम के उद्घोष के साथ यात्री बस से रायपुर के लिए प्रस्थान किए। रायपुर से उन्हें विशेष ट्रेन के माध्यम से अयोध्या ले जाया जाएगा।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों को अयोध्या स्थित प्रभु श्रीराम मंदिर के दर्शन कराने की मोदी की गारंटी को पूरा करने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री बनने के 100 दिन में ही कदम उठाया था। उसी के फलस्वरुप प्रदेश के हजारों श्रद्धालुओं ने श्री रामलला दर्शन का पुण्यलाभ लिया है। आगे भी इस योजना के माध्यम से प्रदेश की जनता अयोध्या धाम के दर्शन करेंगी। आगे कहा कि रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलता है, जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा। सभी श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के यात्रा करते हुए अयोध्या पहुंचेंगे और दर्शन कर वापस लौटेंगे।

## भगवान काशी विश्वनाथ व रामलला के दर्शन करेंगे 36 श्रद्धालुजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

36 श्रद्धालु भगवान काशी विश्वनाथ व रामलला के दर्शन करेंगे। मंगलवार को यात्रा में जा रहे श्रद्धालुओं की बस को जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्रद्धालुओं के चेहरे में पवित्र श्रावण मास में 12 ज्योतिर्लिंग में से एक काशी विश्वनाथ के दर्शन की आध्यात्मिक खुशी नजर आ रही थी। तीर्थयात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं का उत्साह देखकर केशव नायकराम चंद्राकर ने कहा कि काशी विश्वनाथ में आप लोग पवित्र ज्योतिर्लिंग का दर्शन कर सकेंगे और छत्तीसगढ़ के भांजा रामलला का दर्शन कर उत्तर भारत के तीर्थ स्थलों को देखने का यह सुंदर अवसर है। वहीं बुजुर्गों से काशी विश्वनाथ व रामलला में दर्शन कर खल्लारी क्षेत्र की खुशहाली व समृद्धि की कामना करने की बात कही। महासमुंद जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने बताया कि इस योजना के तहत उन श्रद्धालुओं को यह तीर्थ करने का अवसर प्राप्त हो रहा है, जो अब तक आर्थिक समस्याओं के कारण तीर्थ यात्रा से वंचित रह गए हैं।



इस अवसर पर खिलेश्वरी छोटू बघेल नपाध्यक्ष, जिपं उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर डिंपल डॉली ध्रुव मंडल अध्यक्ष बागबाहरा, भूपेंद्र सिंह ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, रूपेश साहू मंडल अध्यक्ष ग्रामीण, नितिन जैन मंडल अध्यक्ष कोमाखान, दुबे लाल साहू जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा, रोशन सोनी, बलवीर बग्गा, चिंतन राज पनूरिया सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व नागरिकगण उपस्थित थे।

## पृथ्वी मां के स्वास्थ्य में योगदान करते हैं वृक्षः अनुसुइया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत ईको क्लब द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण हैं, पेड़ों के होने से ही मनुष्य सहित सभी प्राणियों का जीवन सरल है। वृक्षों की अधिकता होने पर ही पर्यावरण संतुलित रहता है। पर्यावरण की असंतुलन के कारण ही आज ग्लोबल वार्मिंग जैसी वैश्विक समस्या हमारे समीप खड़ी है। ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्या से निजात पाने के लिए पर्यावरण संरक्षण करते हुए पेड़



लगाकर उन पेड़ों का सुरक्षा करना भी हमारा कर्तव्य है। एक पेड़ मां के नाम का सार एक प्रतीकात्मक भाव है। अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाना। यह सरल कार्य दोहरा उद्देश्य पूरा करता है। जीवन के पोषण में माताओं की भूमिका का सम्मान और पृथ्वी के स्वास्थ्य में योगदान। पेड़ जीवनदायी होते हैं, और एक मां की तरह, वे अगली पीढ़ी को पोषण, सुरक्षा और भविष्य प्रदान करते हैं। इस पहल के माध्यम से प्रतिभागी न केवल अपनी माँ के सम्मान में एक स्थायी स्मृति बनाते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की महती आवश्यकता को भी संबोधित करते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजक प्रतिमा चंद्राकर, रवि देवांगन, तरुण बांधे, कार्यालय प्रभारी जगतारण दास बघेल, शेष नारायण साहू, नानक साहू एवं सबिता तुर्के उपस्थित थे।

### सत्यापन के लिए 9 के पहले जमा करा सकते हैं दस्तावेज

**महासमुंद।** नयापारा नोडल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए द्वितीय चरण के प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन करने वालों को अपना मूल दस्तावेज की छायाप्रति प्राचार्य अमी रूफस के पास तुमाडबरी स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल में कार्यालयीन समय में 19 जुलाई से पूर्व जमा करना होगा। नोडल अधिकारी द्वारा दस्तावेज सत्यापन पश्चात आनलाइन आवेदन राज्य को अग्रेषित किया जाएगा। निर्धारित तिथि के बाद दस्तावेज सत्यापन के लिए नहीं लिया जाएगा।

## रोजगार चाहिए तो हर क्षेत्र के लिए हुनर एवं तकनीकी ज्ञान जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 15 जुलाई को उद्योग अकादमिक, एकीकरण कौशल/ उद्यमिता एवं रोजगार विकास प्रकोष्ठ एवं खेल युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य के निर्देशानुसार विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अशोक साहू सहायक संचालक कौशल विकास केंद्र, जीतू सिंह तोमर प्रबंधक बैंक ऑफ़ बड़ोदा, समीर चंद्राकर प्रोजेक्ट ऑफिसर अंबुजा फाउंडेशन, वसुंधरा साहू जिला युवा अधिकारी नेहरू विकास केंद्र उपस्थित रहे।



कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया। सभी वक्ताओं का स्वागत बैच लगाकर एवं पुष्प गुच्छ द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन प्राचार्य करूणा दुबे द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने स्वागत उद्बोधन में पढ़ाई के साथ-साथ स्किल को निखारने और धन अर्जन करना बताया। तत्पश्चात मुख्य वक्ता अशोक साहू द्वारा अपना उद्बोधन हुनर है तो कदर है वाक्य से प्रारंभ किया।

## पेज 11 के शेष

### 19 साल बाद भी नहीं पहुंची...

बाद जंगली रास्ते पार कर पहुंचे। गांव में पेयजल स्वस्थ शिक्षा जैसे बुनुविधाओं के लिए आजादी के 76 वर्षों बाद भी लोग तरस रहे हैं, गांव में हेडपम्प से लाल आयरन युक्त पानी निकलता है, जिसके कारण इसके पानी पीने लायक नही है, स्वास्थ्य सुविधा का हाल बेहाल है। यहां निवास करने वाले कमार जनजाति के लोग पारंपरिक बांस बर्तन बनाकर जीविका उपार्जन करते है लेकिन इन्हे कमार विकास परियोजना का लाभ नही मिल पा रहा है।

पंचायत बोईरगांव के सरपंच नीरा सहदेव सांडे ने बताया कि डुमरघाट में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के घोषणा के बाद बिजली नही लग पाया अब छत्तीसगढ में फिर भाजपा की सरकार बनने से यहा बिजली लगने की उम्मीद है, गांव तक पहुचने के लिए सडक नही है, राशन लेने के लिए ग्रामीण 10 किलोमीटर पैदल आते है घटना दुर्घटना की स्थिति और महिलाओं को डिलवरी में भारी परेशानी होती है, गांव में बिजली और सडक प्रमुख मांग है।

### पटवारी पर रिश्वत मांगने...

नामांतरण का आदेश जारी कर दिया था। लेकिन जब टिकेश पटवारी भारती देवांगन के पास आवश्यक दस्तावेज और ऋण पुस्तिका दिए और पटवारी ने उनसे 2000 रुपए की रिश्वत मांग की। आर्थिक रूप से कमजोर टिकेश इस राशि का भुगतान करने में असमर्थ रहे। इसके बाद, पटवारी ने न केवल उनके दस्तावेज पूरे करने में आनाकानी की, बल्कि बी-1 और पी-2 जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं कराए। यही नहीं, पटवारी ने नामांतरण से संबंधित दस्तावेजों पर डिजिटल हस्ताक्षर तक नहीं किया, जिसके कारण टिकेश का किसानी कार्य पूरी तरह ठप हो गया।

टिकेश ने बताया कि जब उन्होंने पटवारी से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की, तो पता चला कि पटवारी ने उनका नंबर ही ब्लॉक कर दिया है। इस व्यवहार से पीड़ित किसान और उनका परिवार मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित महसूस कर रहा है। टिकेश का कहना है कि एक जिम्मेदार पटवारी का कर्तव्य है कि वह आम जनता और विशेष रूप से किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान करे, लेकिन इस मामले में ठीक इसके उलट हो रहा है। इस मामले ने स्थानीय स्तर पर व्यापक चर्चा को जन्म दिया है।

### मैनपुर में बंद पड़ी...

निर्देश पर क्रेडा विभाग के अधिकारी स्वयं मैनपुर पहुंचकर अपने सामने स्ट्रीट लाईट का सुधार करवाया। मैनपुर नगर के लोगो ने गरियाबंद कलेक्टर बी एस उईके के प्रति आभार व्यक्त किया है साथ ही मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के जिस भी गांव में क्रेडा विभाग द्वारा सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाईट लगाई गई है उसका सुधार कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। क्रेडा विभाग के अशोक कुमार ने बताया मैनपुर क्षेत्र में जहां भी सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाईट बंद पड़ा है या बल्ब खराब है उसका तत्काल सुधार कार्य करवाया जा रहा है।

### मौसम की दगाबाजी बादल...

पास ट्यूबवेल की जो सुविधा है ऐसे किसान ही अपने खेतो में रोपाई का कार्य कर रहे है साथ ही जिनके पास सिंचाई का कोई सुविधा नही है ऐसे अधिकांश किसान बारिश का इंतिजार कर हाथ पे हाथ धरे बैठे हुए है। कई किसानो ने शुरू में हुए बारिश के साथ खेतो में रोपाई का कार्य कर दिये थे अब बारिश बंद होने से खेत सुख रहे है और किसानो के माथे पर चिंता की लकीरे दिखाई दे रही है।

### अवैध शराब के साथ...

आरोपी के कब्जे से जप्त कब्जा पुलिस लिया गया। न्यायिक हिरासत में भेजे गए आरोपी : इसी क्रम में मुखबीर से सूचना मिला की ग्राम हथखोज निवासी धनेश्वर यादव भारी मात्रा में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है कि सूचना तस्दीक पर थाना फिंगेश्वर स्टाफ द्वारा घटना स्थल पहुंच कर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ कर आरोपी के कब्जे से एक प्लास्टिक बोरी में 35 नग मशाला शराब किमती 3500 रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। दोनों आरोपियों का उक्त कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का होना पाए जाने से थाना फिंगेश्वर में अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान दोनों प्रकरणों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### 140 किमी की जन न्याय...

50 से ज्यादा पाराटोला गांव जो बिजली विहीन है वहां विद्युतीकरण करने, झाखरपारा में सहकारिता बैंक खोलने, बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा के सभी अस्पतालो व उपस्वास्थ्य केन्द्रो में डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मचारियो की भर्ती करने, मैनपुर सलफ जलाशय को पूर्ण करने, पीपरछेड़ी में महाविद्यालय खोलने, बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के बेलाट नाला, बेन्द्रा नाला, सतीनाला, सुखानाला, बाघनाला में पुल निर्माण, कांदाडोगर ऋशि झरण पैरी उद्गम भाठीगढ़ एवं सिकासार को पर्यटन स्थल घोशित कर यहां आने वाले लोगो के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने, राशन वितरण में हो रही परेशानी को देखते हुए पूर्व की भांति राशन वितरण करने, महतारी वंदन योजना में छुटे हुए महिलाओ का नाम योजना की सूची में जोड़कर लाभ दिलाने, नवीन शराब दुकान खोले जाने प्रस्ताव को तत्काल निरस्त करने, प्रदेश में शिक्षको की भर्ती किये जाने एवं स्कूलो को बंद नही करने के साथ प्रदेश में हो रहे अवैध रेत उत्खनन पर रोक लगाने के साथ बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में मुलभुत सुविधा उपलब्ध कराने ज्ञापन सौपा गया।

**ये हुए शामिल :** पदयात्रा में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मैनपुर रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेन्दु यादव, गरियाबंद अध्यक्ष हाफिज खान, अमलीपदर अध्यक्ष ललिता यादव, देवभोग अध्यक्ष भुपेन्द्र मांझी, सुकचंद ध्रुव, निहाल नेताम, पंकज मांझी, सुकचंद बेसरा, राजेश तिवारी, जाकिर रजा, सोहन नागेश, हाजी चिराग अली, सेवन पुजारी, गिरीश जगत, परमे"वर यादव, प्रियंका कपिल, तनवीर राजपूत, शाहिद मेमन, सोहन नागेश, डोमार साहू, मोहित ध्रुव, भुने"वर सिन्हा, आत्माराम मरकाम, हरिशंकर नागेश, सुशांत नागेश, धर्मेन्द्र नागेश, अनंत राम, मिथुन, गोकुल, बैकुंठ, गोपाल एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश के विभिन्न हिस्सो से शामिल हुए।

## खबर संक्षेप



### छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी- फेडरेशन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**राजिम।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी- फेडरेशन के बैनर तले प्रदेश के शासकीय सेवकों को देय तिथि से महंगाई भत्ता लंबित एरियर्स सहित अन्य ज्वलंत मुद्दों का त्वरित निराकरण करने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजिम को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने यशवंत साहू विकासखण्ड संयोजक, आत्माराम साहू छगशि संघ, आलोक शर्मा, शिवकुमार सिन्हा तृतीय कर्मचारी संघ दीपक श्रीवास लिपिक वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, नरेश साहू शिक्षक संघ,महिला बाल विकास अधिकारी फिंगेश्वर साव जी, सुनीता यादव, रेखा शुक्ला भारती नामदेव, किशोर निर्मलकर, शोभाराम साहू शामिल थे।

### खड़मा मड़ेली मुख्य मार्ग पर पौधरोपण



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम खडमा मे कृषक प्रमोद शर्मा ने अपने कृषि भूमि जो खड़मा मड़ेली मुख्य मार्ग पर स्थित लगानी भूमि पर प्रधानमंत्री जी के पहल एक पेड़ माँ के नाम से प्रेरित होकर फलदार पौधों का पौधरोपण किया गया। जिससे रहगिरो को छाया एवं मीठे फल मिले जिसकी सुरक्षा एवं समय में पानी खाद दिया जाएगा। इस पौधारोपण कार्यक्रम जनपद सदस्य अवध राम साहू, सरपंच जगबाई ध्रूव के मुख्य आतिथ्य मे संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में कृषक प्रमोद शर्मा, त्रिलोचन- साहू, प्रेमाराम कंवर पूर्व सरपंच, उपसरपंच रेखचंद साहू, लक्ष्मीदास सोनवनी, विवेक सर, पुरुषोत्तम गिरी, लखन ध्रूव, भिखम ध्रूव एवं पल्लव शर्मा उपस्थित रहे।

## निधन

### जिज्ञासा यादव

**छुरा।** नगर के जिज्ञासा यादव (उम्र 16 वर्ष) का बीती रात आकस्मिक निधन हो गया। जिज्ञासा एक होनहार, संस्कारी और मिलनसार स्वभाव की छात्रा थी, वे प्रकाश यादव की सुपुत्री थी, उन्हें पत्रकारगण, शिशु मंदिर परिवार ने श्रद्धांजलि दी है।



### मजदूरों की कमी से रोपाई दर बढ़ी, खेतों में तेजी से हो रहा बोवाई कार्य

# हरेली के पहले रोपा-बोआई पूरी करने की कवायद में किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

किसान इन दिनों खेती किसानी के कार्यों में व्यस्त है। धान की फसल की रोपाई एवं बोवाई के काम में किसान जोर-शोर से भिड़े हुए है। हरेली के पहले रोपा लगाने के काम को पूरा करने के लक्ष्य में किसान दिगर कामों से दूर है। जिसका असर नवापारा एवं राजिम के बाजारों में देखने को मिल रहा है।

बाजार में सोमवार से शनिवार तक वीरान रहती है। चूंकि रविवार को कई गांवो में खेती के काम नहीं होते लिहाजा अन्य दिनों की तुलना में रविवार को बाजारो में भीड़ देखी जा रही है। नवापारा नगर से लगे गांवों में रोपा लगाने का काम अंतिम चरण में है। किसानों ने बताया कि मजदूरों की कमी के चलते रोपा लगाने में विलंब हुआ है। किंतु हरेली से पहले बोवाई का काम पूरा हो जाएगा। ग्राम छांटा के उन्नत किसान लोकेश्वर साहू ने बताया कि रोपाई का काम पूर्णतया की ओर है। अब फसलों में खाद एवं डीएपी डालने का काम चलेगा। कुछेक किसानों ने मजदूरों की कमी के चलते रोपाई में देरी होने की बात कही है।



#### रोपाई की दर बढ़ी

ग्रामीण क्षेत्रों में रोपाई अब ठेके में किए जा रहे है। दस से पंद्रह मजदूरों का दल प्रति एकड़ के हिसाब से ठेका लेकर रोपाई काम कर रहे है। अंचल में प्रति एकड़ रोपाई दर 6500 से 7500 तक चल रहा है। मजदूरों की कमी से रोपाई की दर बढ़ गई है। छत्तीसगढ़ में मान्यता है कि हरेली के पूर्व बोवाई रोपाई के काम को पूर्ण कर कृषि औजारों की पूजा की जाती है।

खेतों की पूजा कर उत्साह से गेड़ी चढ़ी जाती है। सावन की बारिश खेतों को फसलों के लिए अमृत का काम करती है। माना जाता है कि हरेली तक किसानी के 25 प्रतिशत काम पूर्ण हो जाते है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में धूमधाम से मनाई गई गुरु पूर्णिमा



**श्यामनगर।** सरस्वती शिशु मंदिर तर्रा में गुरु पूर्णिमा पर्व का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान और परम पूज्य गुरुदेव पं. राम शर्मा आचार्य तथा परम वंदनीय माताजी के सूक्ष्म संरक्षण में किया गया। इस अवसर पर 9 कुण्डीय गायत्री यज्ञ का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती शिशु मंदिर के 250 से अधिक विद्यार्थियों ने एक तुम्ही आधार, सद्गुरु भजन के साथ की। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्यगण शामिल हुए, जिनमें शेषनारायण साहू, गणेश साहू, हेमलाल पटेल, गिरवर सर और आचार्या बहनें खुशबू पटेल, लुकेश्वरी, चांदनी साहू, लीना पुरेना, गंगा साहू, खुशबू निषाद, काजल साहू प्रमुख रहीं। कार्यक्रम में 20 नए विद्यार्थियों का शाला प्रवेश उत्सव विधिवत संस्कार के साथ सम्पन्न हुआ। बच्चों ने गणेश जी और सरस्वती माता का पूजन किया। मुख्य यजमान और बहनों के साथ विद्यार्थियों ने मिलकर पूजन संपन्न किया। गुरु पूर्णिमा पर्व पर दो गर्भवती माताओं सीमा साहू और गीता शेषनारायण पटेल का पुंसवन संस्कार यज्ञ देव की साक्षी में सम्पन्न किया गया। गैदबती पटेल ने गुरु दीक्षा ग्रहण की। कार्यक्रम में वृक्षारोपण का संदेश भी दिया गया, ताकि पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया जा सके। पूरे आयोजन को सफल बनाने में देशराम, यशवंत, रामनाथ, गौरी माता, चमरा निर्मलकर, मनटोरा साहू और गायत्री परिवार के परिजनों का विशेष सहयोग रहा।

## छुरा में विकासखंड स्तरीय शालेय क्रीड़ा चयन प्रतियोगिता जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वाधान में विकासखण्ड स्तरीय शालेय क्रीड़ा चयन प्रतियोगिता मिनी स्टेडियम छुरा में आयोजित हो रहा है। विद्यालयीन छात्र - छात्राओं के खेल प्रतिभा को निखारने हेतु प्रतिवर्ष विविध क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न स्तरों पर किया जाता है।

■ खिलाड़ियों का जोश, मैदान में उत्साह— बालक-बालिकाएं विभिन्न खेलों में दिखा रहे दमखम

इस प्रतियोगिता में 14, 17, 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक/बालिका भाग ले सकते हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी के.एल. मतावले के निर्देशन में क्रिकेट, फुटबॉल, नेहरू हॉकी एवं योगा हेतु चयन प्रतियोगिता आयोजित किया जा चुका है। मलखम, तीरंदाजी, जिमनास्टिक, रग्बी, भारोतोलन, हॉकी, शतरंज, फ्री स्टाइल कुश्ती, कराते, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, वाटरपोलो, खो खो, बैडमिंटन, कबड्डी आदि खेलों का प्रतियोगिता कैलेंडर अनुसार आयोजित किया जाएगा। विकासखंड स्तर पर चयनित खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।



**आयोजन समिति की मेहनत और समर्पण :** खेल प्रतियोगिता को संपन्न कराने हेतु प्राचार्य के.के. साहू, विकासखंड नोडल डोमेश्वर कुमार ध्रुव, व्यायाम शिक्षक खिलेश्वर कुमार साहू, राजू साहू, वसीम कुरैशी, पूरन साहू, पंकज साहू, रामप्रसाद साहू, संजीत कुमार निषाद, बलिराम टंडन, ईश्वर सेन पूरी तन्मयता के साथ मैदान में डटे हुए हैं। योग विधा का चयन शिक्षक, योगविद् अर्जुन धनंजय सिन्हा द्वारा किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रोटोकॉल अनुसार सभी विधाओं का चयन किया जा रहा है। आगामी प्रतियोगिता हेतु विकासखंड के सभी विद्यालयों से विभिन्न आयु वर्ग अनुसार बालक, बालिकाएं खेल विधाओं में भाग ले सकते हैं।

## सरपंच ने लिया कुपोषित बच्चे को गोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

जनपद पंचायत छुरा के ग्राम पंचायत करकरा में आज 16 जुलाई दिन बुधवार को ग्राम पंचायत भवन में सरपंच बहुर सिंह दीवान ने ग्राम के कुपोषित बच्चे कुशाक निषाद पिता हेमन्त निषाद आ.बा.केन्द्र क्रमांक 2 के बच्चे को गोद लिया एवं कुपोषित बच्चे का पांच वर्ष तक देख भाल आदि सभी के लिए वचनबद्ध हुए।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत के उप सरपंच लाल बहादुर यादव, संतोष बाई,शीतल निषाद,ममता साहू, संतोषी बाई पटेल, राधिका दीवान, यमुना पटेल,जगलाल पटेल,हेमा बाई पटेल,निरा बाई दीवान, कन्हैया लाल ध्रुव, योगेश्वरी ध्रुव, चन्देश्वरी दीवान, यादराम दीवान सहित पंचायत सचिव निमेष पटेल रोजगार साहयक झमक बागे,भृत्य नंन्दकुमार पटेल उपस्थित रहे।




## सिरकट्टी आश्रम में धूमधाम से मनी गुरु पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्र के सिरकट्टी आश्रम में काफी उत्साह के साथ मनाया गया, ब्रम्हलीन सन्त भुवनेश्वरी शरण ब्यासजी की तपोस्थली में संत श्री गोवर्धन शरण व्यास जी के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्र के शिष्यों सहित क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू, क्षेत्र के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया, इस अवसर पर मुख्यमंत्री से सम्मानित हड्डी बैध ओम प्रकाश साहू, साहू समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित आसपास के ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित रहे, यहां पर दिनभर गुरु पूजन, प्रवचन, हरि कीर्तन एवं भंडारा का कार्यक्रम चलता रहा, जिसमें आसपास के लोगों ने पर चढ़कर भाग लिया।



## 20 को राजिम में किया जाएगा पौधारोपणः रामकुमार

**राजिम।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन एवं गायत्री जिला समन्वय समिति के मार्ग दर्शन में राजिम नगर के देवारपारा स्कूल में 20 जुलाई को वृक्षारोपण किया जाएगा। रामकुमार साहू इकाई प्रमुख ने बताया कि राजिम इकाई के अंतर्गत 9 गांव शामिल हैं सभी गांवों में गायत्री परिवार के माध्यम से पांच-पांच पेड़ लगाया जाएगा। साथ ही विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हेतु गायत्री शक्तिपीठ राजिम में गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें बाल संस्कार शाला शुभारंभ,घर घर दीप यज्ञ में भागीदारी, 40 दिवसीय अनुष्ठान, प्रज्ञा पाक्षिक पाठक हेतु चर्चा की गई। महत्वपूर्ण गोष्ठी में पवन गुप्ता ,संतोष साहू, पुरण साहू वृक्षारोपण प्रभारी, अमृत साहू, डॉ रमेश साहू, राजेंद्र पाड़े, पुरुषोत्तम दीवान उपस्थित रहे।



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मैनपुर जिला गरियाबंद (छ.ग.)
// ईश्तहार //
रा.प्र.क्र. ..... अ-2/2024-2025
ग्राम बुरजाबहाल, तहसील- अमलीपदर,
जिला- गरियाबंद (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अमरसिंह पिता श्री सदासिंह, जाति रावत, निवासी बुरजाबहाल, तहसील अमलीपदर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम बुरजाबहाल, प.ह.नं. 18, तहसील अमलीपदर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नंबर 429/1 रकबा 0.14 हे. भूमि को छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 1959 की धारा 172 के तहत व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन निर्धारण कराने बाबत नक्शा खसरा, बी-1 एवं अन्य दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक (अधिवक्ता) के माध्यम से ईश्तहार प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिवस के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति कर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मैनपुर

## ओबीसी एडवाइजरी काउंसिल की बैठक में धनेंद्र साहू हुए शामिल






**नवापारा-राजिम।** बैंगलोर में आयोजित एआईसीसी के ओबीसी एडवाइजरी काउंसिल की बैठक में बुधवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू शामिल हुए। अखिल भारतीय कांग्रेस के ओबीसी विभाग के लिए गठित एडवाइजरी काउंसिल की पहली बैठक 15 जुलाई को बेंगलुरु में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में चार राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। बैठक में देश के पिछड़े वर्ग के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी। मुद्दों को जनता के बीच लाने अभियानों और कार्यक्रम पर चर्चा हो रही हैं। आगामी चुनाव को देखते हुए रणनीति बनाई जाएगी।



# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी फेडरेशन ने खोला मोर्चा

**अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी, मांगें पूरी नहीं हुईं तो 22 अगस्त से धरना**

हरिभूमि न्यूयज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने बुधवार को अपने पूर्व निर्धारित रुपरेखा के अनुसार प्रांतीय आह्वान पर भोजनावकाश के बाद 11 सूत्रीय मांगों को लेकर संयुक्त जिला कार्यालय के समक्ष एकत्र होकर नारेबाजी की तथा अपने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम पर कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

फेडरेशन से संबद्ध सभी संघ के पदाधिकारी और सदस्य रैली व ज्ञापन देने के लिए बड़ी संख्या में कलेक्टर परिसर में उपस्थित हुए।




### प्रदर्शन में ये रहे शामिल

प्रदर्शन में मुख्य रूप से अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के जिला संयोजक एमआर खान जिला संयोजक, बसंत त्रिवेदी महासचिव अधिकारी कर्मचारी फैडरेशन जिला गरियाबंद, सचिव सुनील यादव, मनोज खरे ब्लॉक संयोजक, गोवर्धन वाहन चालकसंघ, मिथलेश मोहनी चंदनिया, लेकेश साहू, जेआर सिदार, संजय मिश्रा, नकुल वर्मा, पुरषोत्तम सतेंद्र साहू सहित फेडरेशन से संबद्ध अनेक संगठनों के पदाधिकारियों और अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि यह ज्ञापन के माध्यम से सरकार को जगाने का प्रयास है इसके उपरांत चरणबद्ध तरीके से 22 अगस्त को एकदिवसीय धरना उसके पश्चात मांग पूरी न होने पर अनिश्चित कालीन हड़ताल फेडरेशन के नेतृत्व में की जाएगी।

फेडरेशन के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन के बाद जिला शिक्षा अधिकारी से मिलकर पेंशन प्रकरण के संबंध में चर्चा की तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में समयमान वेतनमान व अन्य समस्याओं के संदर्भ में अधिकारियों से सौजन्य मुलाक़ात कर आवश्यक चर्चा की।

### इन मांगों को लेकर फेडरेशन ने किया प्रदर्शन

प्रदेश के कर्मचारी एवं पेंशनरों के लिए केंद्र के समान दो प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि से दिया जाए। जुलाई 2019 से समय-समय देय महंगाई भत्ते की लंबित राशि को समायोजन कर जीपीएफ खाते में जमा करने, वेतन विसंगति, चार स्तरीय वेतनमान, पदोन्नति, सहायक शिक्षक व सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी को तृतीय समय वेतनमान। सभी अधिकारी कर्मचारी को कैशलेस चिकित्सा सुविधाएं, मध्य प्रदेश की भांति छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारियों को 300 दिवस का अर्जित अवकाश नकदीकरण, प्रदेश के कार्यभारित, संविदा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने और सेवा सुरक्षा देने की मांग।

## खबर संक्षेप

### कृषि मंत्री से सौजन्य मुलाकात



**मुड़ागांव(कोरासी)।** पन्नालाल ध्रुव प्रांताध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोंड समाज छत्तीसगढ़, डागेश्वर ध्रुव अध्यक्ष राजिम राज आदिवासी ध्रुव गोंड समाज एवं कल्याण सिंह ध्रुव उपाध्यक्ष राजिम परिक्षेत्र ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम जी से विधानसभा में सौजन्य मुलाकात कर आभार व्यक्त किया।

### सांसद प्रतिनिधि नियुक्ति पर जताया आभार





**नवापारा-राजिम।** मंडल महामंत्री नवल साहू को हरिहर स्कूल नवापारा के सांसद प्रतिनिधि एवं महिला मोर्चा के महामंत्री नीता धीवर को कन्या शाला नवापारा के सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किये जाने पर, प्रदेश संगठन,जिला संगठन सहित सांसद बृजमोहन अग्रवाल ,विधायक इंद्रकुमार साहू ,पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ,जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज, रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष श्याम नारंग नवापारा मंडल के सभी कार्यकत्राओं ने आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### असामाजिक तत्व ने नई कार में लगा दी आग, मामला दर्ज



**नवापारा-राजिम।** ग्राम जौंदी में बीती रात अज्ञात असामाजिक तत्व ने एक नए इको वाहन में आग लगा दी, जिससे वाहन बुरी तरह जल गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात 12:30 के बाद अज्ञात असामाजिक तत्व ने जौंदी-चंपारण मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे घर के बाहर खड़ी ग्रामीण अजय बैरागी की नई इको वाहन क्रमांक सीजी 04, क्यूडी 7630 को आग लगा दी, जिससे वह जलने लगा। इसी दौरान किसी ने अजय को इसकी जानकारी दी, जिस पर वह तत्काल मौके पर पहुंचा और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, जिसमें कुछ अन्य लोगों ने भी सहयोग किया। संयुक्त अथक प्रयास से आग बुझा तो ली गई, लेकिन तब तक वाहन के चारों चक्के और सामने का हिस्सा जल चुका था। अजय ने वाहन को 4 माह पूर्व ही खरीदा था। मामले की रिपोर्ट पीड़ित द्वारा थाना नवापारा में दर्ज कराई है।

### चाकू लहराने वाले युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** चाकू लहराकर लोगों को डरा-धमका रहे एक युवक पर सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी राजा खान पिता जाफर खान (27 वर्ष) निवासी संत रविदास गार्डन के सामने बैसाखू गली महासमुंद, संजय कानन के पास एक धारदार चाकू को लहरा कर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था। जिसे मौके पर पहुंचकर पकड़ा गया और आरोपी के पास से एक स्टील का चाकू बरामद किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया।

**पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू सहित जनप्रतिनिधियों ने की शिरकत, बच्चों में दिखा आत्मविश्वास**

# एकलव्य विद्यालय कोसमबुड़ा में धूमधाम से मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुड़ा में कक्षा छठवीं के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत हेतु शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के चुन्नीलाल साहू थे। विशिष्ट अतिथियों में जनपद पंचायत छुरा की अध्यक्ष श्रीमती मीरा ठाकुर, जिला पंचायत गरियाबंद के सभापति लेखराज ध्रुव, भाजपा मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, वन सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, पूर्व जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, लोकेश चंद्राकर और रमेश सिन्हा उपस्थित रहे।

- आदिवासी संस्कृति, शिक्षा और राष्ट्रप्रेम की मिली प्रेरणा
- मंचीय प्रस्तुतियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय द्वार पर नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के तिलक एवं पुष्पवर्षा के साथ स्वागत से हुई। मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों के सम्मान में मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य कमलाकांत यादव ने अतिथियों का शॉल एवं पौधा भेंट कर स्वागत किया तथा विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों और बोर्ड परीक्षा के उत्कृष्ट परिणामों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं।





### बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पबद्ध है विद्यालय

मुख्य अतिथि श्री चुन्नीलाल साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्राथमिक शिक्षा किसी भी छात्र के भविष्य की नींव होती है और यह विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे हर सपना साकार किया जा सकता है। उन्होंने आदिवासी समाज के ऐतिहासिक योद्धाओं का उल्लेख कर बच्चों में देशभक्ति की भावना का संचार किया।जनपद पंचायत छुरा की अध्यक्ष श्रीमती मीरा ठाकुर ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए इसके लिए विद्यालय परिवार को बधाई दी।

### गुरु-शिष्य परंपरा पर डाला प्रकाश

वन सभापति श्रीमती शिवांगी चतुर्वेदी ने गुरु-शिष्य परंपरा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु दीपक के समान होता है, जो स्वयं जलकर दूसरों के जीवन को रोशन करता है। लेखराज ध्रुव और खोमन चंद्राकर ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए जीवन में अनुशासन और लक्ष्य के महत्व पर बल दिया।

### बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

नवप्रवेशी विद्यार्थियों ने मंच पर आत्मविश्वासपूर्वक परिचय दिया और अपने भविष्य के लक्ष्यों को साझा किया।सांस्कृतिक प्रस्तुतियों—नृत्य, गीत एवं समूह गान ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन शिक्षक प्रशांत दुबे ने किया। मंच संचालन शिक्षकों, अंकिता और सुधांशु द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संयोजन उज्जवल त्रिपाठी ने किया। अंत में सभी अतिथियों एवं अभिभावकों के लिए भोजन की व्यवस्था छात्रावास परिसर में की गई।

### नवप्रवेशित विद्यार्थियों का हुआ स्वागत

इस अवसर पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का स्वागत किया गया और विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी साझा की गई। विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों को भी बधाई दी गई जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सतनामी समाज की छःमाही बैठक में सामाजिक समरसता और स्वाभिमान पर जोर



**मुड़ागांव(कोरासी)।** सतनामी समाज तहसील परिक्षेत्र छुरा का छःमाही बैठक ग्राम पाटसिवनी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की सभापति अगरचंद मांडले को नियुक्त किया गया। अध्यक्ष समारू कोसले ने कहा सतनामी समाज स्वाभिमानी समाज है हमारे गुरु ने वर्षो तपस्या करके आत्मज्ञान को प्राप्त किया उन्होंने मनुष्य जीवन की सार्थकता को सिद्ध करके बताया कि मान सम्मान स्वाभिमान और शिक्षा मनुष्य जीवन की पहली प्राथमिकता है इसके बिना मनुष्य को मनुष्य नहीं कहा जा सकता।

- ग्राम पाटसिवनी में संपन्न हुई बैठक, विशंभर लाल कुर्रे नए भंडारी नियुक्त

समाज के प्रखर वक्ता गौकरण घृतलहरे ने बाबा जी के साथ सिद्धांतों को बताते हुए प्रत्येक ग्राम में भंडारी साटीदार बनाने के लिए कहा इसी कड़ी में ग्राम पाटसिवनी में भंडारी का पद रिक्त होने के कारण सर्वसम्मति से विशंभर लाल कुर्रे को भंडारी नियुक्त किया गया। प्रवक्ता डाहरू कोसले ने कहा समता न्याय बंधुत्व भाईचारा मानवता सामाजिक विकास की नीव है। बलवंत बघेल ने कहा आपस में मिलजुल कर रहने से ही ग्राम का, समाज का विकास होगा।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में सतनामी समाज तहसील परिक्षेत्र छुरा के संरक्षक लक्ष्मी दास सोनवानी, लक्ष्मण टंडन, अध्यक्ष समारू कोसले, उपाध्यक्ष गौकरण घृतलहरे, दीपक गिलहरे, प्रवक्ता महामंत्री डाहरू कोसले, सचिव राजकुमार लहरे, सह सचिव देवनारायण टंडन, कोषाध्यक्ष दिन टंडन महंत, प्रदीप बघेल, सलाहकार बलवंत बघेल, रूपनारायण मांडले, मीडिया प्रभारी रूपनाथ बंजारे, युवा अध्यक्ष अशोक नवरंगे एवं ग्राम पाटसिवनी गोंदलाबाहरा अमेठी द्वारतरा करकरा खडमा कनेसर खट्टी छुरा डुमरडीह नवापारा के सामाजिक पदाधिकारी सदस्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

# बिजली बिल की मूल्य वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

बिजली के बढ़ते दामों को लेकर कांग्रेस पार्टी के द्वारा जगह-जगह प्रदर्शन किया जा रहा है और बिजली के बढ़े दाम को वापस लेने की बात कहते हुए प्रदेश सरकार पर दबाव बनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज छुरा नगर में विद्युत कार्यालय के सामने कांग्रेस कमेटी के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष एवं ब्लाक अध्यक्ष सहित कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- विद्युत दरों में वृद्धि को बताया जनविरोधी फैसला, प्रदेश सरकार पर बोला हमला

जहां बिजली के बढ़ते दाम सहित अन्य मुद्दों पर भी प्रदेश सरकार का विरोध किया गया। वहीं बिजली कंपनी के द्वारा अनाप-शनाप बिजली भेजकर वसुलने का आरोप भी लगाया। साथ ही विद्युत कार्यालय पहुंचकर मुख्य अभियंता को महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। बता दें कि लगातार विपक्ष के द्वारा किसानों के खाद के मुद्दे, बिजली के मुद्दे, वहीं जंगल के मुद्दों सहित अन्य मुद्दों को लेकर पदयात्रा भी किया जा रहा है।



### ये रहे उपस्थित

प्रमुख रूप से अध्यक्ष भाव सिंह साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा, वरिष्ठ नेता नथमल शर्मा, अब्दुल समद खान, नगर पंचायत उपाध्यक्ष समीम खान, महामंत्री प्रहलाद यदु, मक्कू दिक्सित, रमेश शर्मा नीलकंठ ठाकुर, अवध साहू, देवसिंग रात्रे, भानु भारद्वाज, अवधेश प्रधान, थानु तारक, न्यज अहमद, मन्नू चौहान, चेतन ठाकुर, लोक राम यादव, इस्माइल मेमन, हरि सिन्हा, बुढ़ान सिंह, जयराम जगत, पार्षद देव सिंह नेताम, शांतनु देवांगन, हरीश यादव,रामजी दीवान, राजू यादव उपस्थित रहे।

### सांसद रूपकुमारी चौधरी से संत गोवर्धन शरण व्यास ने की भेंट

**छुईहा बेलर।** महासमुंद लोक सभा क्षेत्र के सासंद रूपकुमारी चौधरी से रविवार को महामंडलेश्वर संत गोवर्धन शरण व्यास ने भेंट मुलाकात की। साथ में उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ भूनेश्वर साहू चैतरा, पुर्व सरपंच सेंदर भाजपा नेता रामाधार साहू,पुर्व सरपंच ओमप्रकाश साहू देवगांव, उपस्थित थे।

संत जी ने चतुर्भुज सिरकट्टी आश्रम कुटेना 6 से 12 जनवरी को वार्षिक महोत्सव रामचरित मानस यज्ञ में शामिल होने आंमत्रित किया। वहीं आश्रम की गतिविधियां जो संचालित है सासंद जी को अवगत कराया गया। बताया गया कि गरियाबंद जिला का एकमात्र गुरुकुल विद्यालय है। जहां वैदिक ऋषि परम्परा अनुकूल भी इस पाठशाला के पाठ्यक्रम में शामिल हैं। यह भी बताया कि विद्यालय के लिए भवन विस्तार की सख्त आवश्यकता है। सीमित स्थान के कारण असुविधा होती है। सांसद जी ने संत जी की बातों को गंभीरता से सुना और कहा कि कार्यक्रम में शामिल होने हर प्रयास होगा और विद्यालय के लिए 10 लाख की विकास राशि भवन के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।



# सर्व यादव समाज युवा प्रकोष्ठ की रायपुर बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छत्तीसगढ़ सर्व यादव समाज युवा प्रकोष्ठ का महत्वपूर्ण बैठक राजधानी रायपुर का न्यू राजेन्द्र नगर स्थित गुरू घासीदास परिसर में रखा गया। प्रदेश अध्यक्ष सर्व यादव समाज रमेश यदु जी की मुख्य आतिथ्य में, जिसमें युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष परमेश्वर यादव जी ने अपने प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया है। बैठक में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया । बैठक में छत्तीसगढ़ सर्व यादव समाज युवा प्रकोष्ठ का कार्यकारिणी विस्तार में प्रत्येक जिलों से मनोनित एवं सक्रिय युवाओं को छत्तीसगढ़ प्रदेश टीम में जगह दिया गया ।

मनोनयन कड़ी में गरियाबंद जिले से सर्व यादव समाज के प्रदेश प्रवक्ता यशवंत यादव, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश महासचिव पूर्व जिला पंचायत सभापति गरियाबंद धनमती यादव, एवं गरियाबंद युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष तेजेश यदु, के अनुसंशा से जिले के सक्रिय युवाओं को भी प्रदेश कार्यकारिणी में जगह मिली है जिसमें देवभोग ब्लाक से सरपंच संघ देवभोग के अध्यक्ष, सरपंच ग्राम पंचायत बरकानी पवन कुमार यादव को प्रदेश सचिव का जिम्मेदारी दिया गया है, एवं



- रामकुमार यादव और पवन यादव को मिली प्रदेश स्तर पर भूमिका



छुरा ब्लाक निवासी, सक्रिय समाजसेवी एवं गौसेवक रामकुमार यादव को महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदेश मंत्री प्रचार प्रसार विभाग, नियुक्त किया गया है ।रामकुमार ने नियुक्ति पश्चात कहा है कि जो प्रदेश नेतृत्व से जिम्मेदारी मिली है उस कर्तव्य को पुरी निष्ठा से करेंगे और सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु एवं युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष परमेश्वर यादव के मार्गदर्शन में जिले के साथ ही साथ पुरे प्रदेश के युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में सर्व यादव समाज से जोडकर समाजिक, धार्मिक कार्यों, में सहभागिता हेतु प्रेरित करेंगे। उक्त दोनों युवाओं की नियुक्ति पर सर्व यादव समाज गरियाबंद के पदाधिकारियों, सहित पुरे प्रदेश के शुभचिंतकों ने बधाई प्रेषित किया है।

**छात्रों से की बातचीत, शिक्षकों को दिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के निर्देश**

# कलेक्टर बी एस उइके ने किया एकलव्य विद्यालय का निरीक्षण

**छुरा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोसमबुड़ा का कलेक्टर बी.एस. उइके ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलनाथ यादव से वहाँ की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने बच्चों से बातचीत कर उनके पढ़ाई-लिखाई एवं विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

- मेस और भवन निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष जोर

शिक्षकों ने बताया कि यहां के विद्यार्थी काफी लगन के साथ पढ़ाई कर रहे है। शिक्षा विभाग द्वारा राज्य में कई बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया है। इसके अलावा यहां के विद्यार्थी देश की राजधानी नई दिल्ली में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके है। कलेक्टर ने कहा कि भारत सरकार की पहल पर जनजातीय बच्चों को आदर्श वातावरण में शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए एकलव्य विद्यालयों की स्थापना की गई है। आवासीय विद्यालय में बच्चे प्रतिभावान हैं और वे बहुत ही लगन के साथ पढ़ाई करते हुए हर क्षेत्र में आगे बढ़े और अपने माता-पिता के आशाओं को पूरा करें। कलेक्टर ने कहा कि अनुशासन बना रहेगा तो सफलता अवश्य मिलेगी। सभी विद्यार्थी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं सहायक आयुक्त नवीन भगत, एसडीएम श्रीमती ऋषा ठाकुर सहित विद्यालय के शिक्षकगण मौजूद रहे।



**ऑनलाइन कोचिंग से मिल रही उड़ान :** उन्होंने शिक्षकों से कहा कि विद्यार्थियों को आईआईटी, नीट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जानकारी दे एवं तैयारी कराएं। इस दौरान बताया गया कि विद्यार्थियों को ऑनलाइन माध्यम से नीट एवं आईआईटी की कोचिंग ऑनलाईन माध्यम से कराई जा रही है।

**परिसर सुधार की पहल :** कलेक्टर श्री उइके ने कक्षा 12वीं की छात्रा कुमारी पायल कंवर से चर्चा की। इस दौरान कलेक्टर श्री उइके ने विद्यालय परिसर में हो रहे मेस एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का अवलोकन कर गुणवत्तापूर्ण कार्य समय पर करने कहा। उन्होंने विद्यालय का रंग-रोगन करने एवं परिसर में पौधरोपण करने को कहा।

